an>

Title: Regarding need to make provision for measurement of weight of good-laden trucks at Toll tax booths of National Highways.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर) : देश में राÂट्रीय राजमार्गों पर, राज्यों के राज्यमार्गों पर एवं मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर ट्रकों का आवागमन मांग के अनुसार निरंतर होता रहता है, लेकिन ट्रकों में ओवरलोड की शिकायत भी प्रायः सुनने को मिलती रहती है। ओवरलोड ट्रक चलने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा ट्रक चालक के मन में डर एवं भय होने के कारण ट्रकों को असावधानीपूर्वक चलाने की ट्रक ड्राइवरों की आदत सी बन जाती है। सड़कों पर ओवरलोड ट्रक चलने से भ्रÂटाचार को भी बढ़ावा मिलता है। सड़कें भी खराब होती हैं तथा कई जगहों पर ट्रकों को रोकने के कारण श्रम एवं समय की भी बर्बादी होती है।

अतः माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि गुजरात की भाँति सभी राÂट्रीय राजमार्गों पर ट्रकों को माल सहित तोलने की मशीन टोल नाकों पर स्थापित करने की व्यवस्था की जाए जिससे ट्रक मशीन से गुजरते समय ट्रक का वजन किया जा सके और ओवरलोड की जानकारी मिल सके तथा उसी समय नियमानुसार कार्यवाही की जा सके जिससे श्रम एव समय की बचत हो सके एवं भ्रÂटाचार से भी मुक्ति मिल सके तथा राज्यों की आय में बढ़ोत्तरी भी संभव हो सके।